**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2026-27)**

**विषय- हिंदी 'ब' (कोड 085)**

**कक्षा – दसवीं**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक – 80**

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है - क, ख, ग और घ |
- खंड-क में अपठित बोध पर आधारित कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 10 है |
- खंड-ख में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है | प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं |
- खंड-ग में पाठ्य पुस्तक और पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 21 है | प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं |
- खंड-घ में रचनात्मक लेखन पर आधारित कुल 5 प्रश्न हैं| प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |
- यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**(अपठित बोध)** | **14** |
| 1 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:<br>कठपुतलियों के नाच को देखने के लिए अक्सर उमड़ने वाली दर्शकों की भारी भीड़ इस बात की साक्षी है कि यदि कला लोगों से सीधा संपर्क करती है, तो वह कभी मर नहीं सकती। आज भी कठपुतलियों के नाटकीय कथानकों के माध्यम से समाज की समस्याओं को उभारने और लोगों को जागरुक बनाने की प्रेरणा दी जा रही है। कठपुतली के साथ लोक संस्कृति ही नहीं, कथा-कहानियों और नाटकों की बहुरंगी दुनिया जुड़ी है। सदियों से कठपुतली का प्रदर्शन लोक संस्कृति से जुड़े मनोरंजन का एक सशक्त माध्यम रहा है। आडू की हल्के वज़न की लकड़ी को मानवाकृतियों में काट-छाँटकर बनाई जाने वाली इन पुतलियों के चेहरे पर चटख रंगों से मुँह, नाक, कान और आँखों की रेखाएँ बनाते हैं। बदलते वक्त के साथ अब यह कला भी पूरी तरह व्यावसायिकता के रंगों में रंग गई है। कठपुतली नृत्य का प्रदर्शन अब गाँव की | 7 |

*शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।*

| | | |
|---|---|---|
| | चौपालों पर नहीं, बल्कि संग्रहालयों, कला मेलों और पाँच सितारा होटलों में भी होने लगा है। आजकल साक्षरता, प्रौढ़ शिक्षा जैसे विषयों को भी कठपुतलियों के ज़रिए रोचक ढंग से पेश किया जाता है। उँगलियों के इशारे से नाचने वाली कठपुतली को इसका सबसे पुराना रूप माना जा सकता है। डोर में खिंची है तो प्रदर्शन कर रही है, इसे ढीला छोड़ दिया तो कठपुतली जिस हाल में है, बस वैसे ही थम जाती है। इसे 'कठपुतली का खेल' या 'कठपुतली का तमाशा' कहा जाता है।<br>साभार: नंदन (सितंबर 2009) | |
| I | गद्यांश के अनुसार कठपुतली कला के जीवित रहने का प्रमुख कारण क्या है?<br>(A) कला का लोगों से सीधा संपर्क होना<br>(B) मनोरंजन का सस्ता माध्यम होना<br>(C) परंपरा से चला आना<br>(D) पर्यटन स्थलों में प्रदर्शन | 1 |
| II | कठपुतली कला के माध्यम से आज किन उद्देश्यों को पूरा किया जा रहा है?<br>सही विकल्प चुनिए:<br>(i) लोक संस्कृति का प्रदर्शन करना<br>(ii) केवल लोगों का मनोरंजन करना<br>(iii) सामाजिक समस्याओं को उजागर करना<br>(iv) साक्षरता और प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाना<br>विकल्प :<br>(A) केवल कथन (i) सही है।<br>(B) कथन (ii) और (iii) सही हैं।<br>(C) कथन (i), (iii) और (iv) सही हैं।<br>(D) कथन (i) और (ii) सही हैं। | 1 |
| III | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन : कठपुतलियों के नाच को देखने के लिए अक्सर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ती है।<br>कारण : कला लोगों से सीधा संपर्क करती है, तो वह कभी मर नहीं सकती।<br>विकल्प<br>(A) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।<br>(B) कथन गलत है और कारण सही है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(D) कथन और कारण दोनों सही हैं पर कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है। | |
| IV | "बदलते वक्त के साथ अब यह कला भी पूरी तरह व्यावसायिकता के रंगों में रंग गई है।" आशय स्पष्ट कीजिए? | 2 |
| V | कठपुतली को समाज की समस्याओं को उभारने और लोगों को जागरुक बनाने के लिए सशक्त माध्यम माना गया है। अपने विचार तर्क सहित लिखिए? | 2 |
| 2 | निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :<br><br>रसोई के कचरे से कंपोस्ट खाद बनाने का अनूठा प्रयोग पर्यावरण के लिए एक लोकप्रिय उपक्रम बन रहा है। टेराकोटा के सुन्दर रंगबिरंगे गमले जो नफ़ीस बगीचों में रखे जा सकते हैं, रसोई आदि से निकलने वाले जैविक कचरे के लिए तैयार किए गए हैं। बंगलुरू में सफल प्रयासों की मिसाल अन्य महानगरों ने भी अपनाई। यह कचरा जो शहर में कचरे के लिए निर्धारित स्थान लैंडफिल पर फेक दिया जाता है, अब इन गमलों के माध्यम से कंपोस्ट में बदला जा सकता है। अधिकतर घरों में रोज़ आधा किलो से लेकर 2 किलो तक जैविक कचरा निकलता है। बंगलुरू जैसे शहर रोज़ करीब 3000 टन कचरा तैयार करते हैं। रसोई से निकलने वाले कचरे को हर दिन सूखे पत्तों या अखबारों से ढक कर गमले में रखा जाता है और तीन महीने से भी कम समय में यह सब कंपोस्ट खाद में बदल जाता है। माना जाता है कि कंपोस्ट सबसे बेहतर खाद है जिसमें मिट्टी को दूषित करने वाला रसायन नहीं होता। पुनर्शोधन और कंपोस्ट बनाने जैसी गतिविधियाँ भारत में अभी शुरुआती चरण में हैं परंतु इस कार्य में संलग्न पर्यावरणविदों का मानना है कि इन्हें बहुत आसान बनाना होगा। इस क्षेत्र में सफलता मिलने से उल्लेखनीय बदलाव लाया जा सकता है। तब तक के लिए एक छोटा कदम भी इस पृथ्वी को बचाने में मददगार साबित होगा।<br><br>स्रोत: इंडिया टुडे | 7 |
| I | टेराकोटा के सुन्दर रंगबिरंगे गमले जो नफ़ीस बगीचों में रखे जा सकते हैं। यहाँ 'नफ़ीस' शब्द किस संदर्भ में प्रयोग किया गया है?<br><br>(A) कोमल मिट्टी से बना हुआ<br>(B) पर्यावरण के लिए लाभकारी<br>(C) सुंदर एवं सुरुचिपूर्ण<br>(D) मजबूत एवं सुंदर | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| II | कंपोस्ट सबसे बेहतर खाद क्यों माना जाता है?<br><br>(A) वह तीन महीने में बनकर तैयार हो जाता है ।<br>(B) इसमें मिट्टी को दूषित करने वाले तत्त्व नहीं हैं।<br>(C) यह सुंदर टैराकोटा के गमले में बनाया जाता है ।<br>(D) यह जैविक कचरे से बना हुआ उत्पाद है । | 1 |
| III | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br><br>कथन: यह कचरा जो शहर में कचरे के लिए निर्धारित स्थान लैंडफिल पर फेंक दिया जाता है, अब इन गमलों के माध्यम से कंपोस्ट में बदला जा सकता है।<br><br>कारण : अधिकतर घरों में रोज़ आधा किलो से लेकर 2 किलो तक जैविक कचरा निकलता है।<br>विकल्प<br>(A) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।<br>(B) कथन गलत है और कारण सही है ।<br>(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(D) कथन और कारण दोनों सही हैं पर कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है। | 1 |
| IV | जैविक कचरे का भिन्न प्रयोग किस प्रकार पर्यावरण को फायदा पहुँचाता है? | 2 |
| V | लेखक के अनुसार रसोई के कचरे से कंपोस्ट खाद बनाने का प्रयोग कचरा प्रबंधन और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। इस कथन के पक्ष में तर्क दीजिए। | 2 |
| | **खंड 'ख'**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | **16** |
| 3 | निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए: | (4X1=4) |
| I | उनकी आवाज़ सुनकर नस-नस में <u>जोश भर जाता है</u>।<br>(वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए) | |
| II | तत्कालीन भद्र समाज तताँरा का घोर विरोधी था।<br>(वाक्य में से संज्ञा पदबंध छाँटकर लिखिए) | |
| III | समुद्री बालू पर बैठकर वह सूरज की अंतिम रंग-बिरंगी किरणों को निहारने लगा। (वाक्य में से सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए) | |
| IV | <u>विरासत में मिली चीजों</u> को संभालकर रखा जाता है।<br>(वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए) | |
| V | समुद्र की लहरें धीरे-धीरे मद्धम गति से किनारों की ओर बढ़ी आ रही थीं।<br>(वाक्य में से क्रिया-विशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए) | |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए: | (4x1=4) |
| I | थोड़ा-सा ताँबा मिला होने के कारण गिन्नी का सोना ज़्यादा चमकता है।<br>(संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए) | |
| II | जो लोग काम करने वाले थे उन सबको इंस्पेक्टर द्वारा सूचना दे दी गई थी।<br>(सरल वाक्य में रूपांतरण कीजिए) | |
| III | हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमज़ोरी लोक-तत्त्व का अभाव होता है।<br>(मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए) | |
| IV | वामीरो तेज़ कदमों से चलती हुई आई और तताँरा के सामने आकर ठिठक गई।<br>(रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए) | |
| V | जब सालाना इम्तिहान हुआ तो मैं उसमें पास हो गया।<br>(रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए) | |
| 5 | निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए: | (4x1=4) |
| I | 'अन्न-जल' - शब्द का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए। | |
| II | 'जनता का सेवक' - समस्त पद बनाकर समास का भेद लिखिए। | |
| III | 'आमरण' शब्द का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए। | |
| IV | 'सूक्तिबाण' सामासिक पद में प्रयुक्त पूर्व पद और उत्तर पद अलग कर समास का भेद लिखिए। | |
| V | 'पीतांबर' शब्द का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए। | |
| 6 | निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए: | (4×1=4) |
| I | वह फेल क्या हुआ, पूरा परिवार टोपी की टोपी उछालता हुआ नज़र आया। (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा छाँटकर लिखिए) | |
| II | सन्नाटा सुनाई देना- मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए। | |
| III | तलवार खींचना- मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए। | |
| IV | देश के रखवाले …………… बाँध कर निकले हैं, अब उन्हें कोई भी मुश्किल रोक नहीं सकती।<br>(रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित मुहावरा लिखिए) | |
| V | जैसे ही उसने बड़े भाईसाहब को अपनी तरफ़ आते देखा, उसके ………… गए। (रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित मुहावरा लिखिए) | |
| | खंड 'ग'<br>('स्पर्श' एवं 'संचयन' पाठ्यपुस्तक के आधार पर) | **28** |
| 7 | निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: | (5×1= 5) |

| | | |
|---|---|---|
| | खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर<br><br>इस तरफ़ आने पाए न रावन कोई<br><br>तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे<br><br>छू न पाए सीता का दामन कोई<br><br>राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो<br><br>अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो | |
| I | कवि द्‌वारा पौराणिक पात्रों का प्रयोग मुख्यतः किस उद्‌देश्य से किया गया है?<br><br>(A) धार्मिक भावना और आस्था को जगाने के लिए<br><br>(B) कथा को अधिक रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए<br><br>(C) ऐतिहासिक घटनाओं और तथ्यों का वर्णन करने के लिए<br><br>(D) राष्ट्रीय चेतना को प्रतीकों के माध्यम से व्यक्त करने के लिए | |
| II | 'रावन' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?<br><br>(A) संकट के लिए<br><br>(B) शत्रु देश के लिए<br><br>(C) सैनिकों के लिए<br><br>(D) देशवासियों के लिए | |
| III | इस काव्यांश का संदेश है-<br><br>(A)  हमें लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए<br><br>(B) हमें राम-लक्ष्मण से सीख लेनी चाहिए<br><br>(C) हमें मातृभूमि को सीता समझना चाहिए<br><br>(D) हमें देश की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए | |

| | | |
|---|---|---|
| IV | काव्यांश के आधार पर निम्नलिखित विचार पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br><br>(i) कवि शत्रु के प्रति अकारण हिंसा करने का समर्थन करता है।<br>(ii) कवि के अनुसार केवल शक्ति प्रदर्शन ही राष्ट्र रक्षा का पर्याप्त माध्यम है।<br>(iii) देश की मर्यादा और सुरक्षा के लिए सदैव सजग और तत्पर रहने का संदेश दिया गया है।<br>(iv) काव्यांश नागरिकों को व्यक्तिगत जीवन से ऊपर उठकर राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देता है।<br>विकल्प:<br>(A) कथन (i) और (iii) सही हैं।<br>(B) कथन (iii) और (iv) सही हैं।<br>(C) कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं।<br>(D) केवल कथन (iii) सही है। | |
| V | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br><br>कथन : इस काव्यांश में कवि देश की रक्षा के लिए हर प्रकार के बलिदान की प्रेरणा देता है।<br>कारण : कवि देश की सुरक्षा को सबसे महत्वपूर्ण मानता है ।<br>विकल्प<br>(A) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।<br>(B) कथन गलत है और कारण सही है ।<br>(C) कथन और कारण दोनों सही हैं।<br>(D) कथन और कारण दोनों गलत हैं। | |
| 8 | निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग **25-30 शब्दों** में लिखिए। | (3×2=6) |
| I | कबीर ने संसार को 'सुखिया' तथा स्वयं को 'दुखिया' क्यों कहा है? | 2 |
| II | "मनुष्य मात्र बंधु है यही बड़ा विवेक है"- मनुष्यता कविता के आधार पर पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| III | 'तोप' कविता के माध्यम से कवि वीरेंद्र डंगवाल क्या संदेश देना चाहते हैं? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| IV | 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में वर्षा से पहले का दृश्य किस प्रकार से आकर्षक और सुंदर है? | 2 |
| 9 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए: | (5×1= 5) |
| | हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमज़ोरी होती है, लोक-तत्त्व का अभाव। वे जिंदगी से दूर होती हैं। यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरिफ़ाई किया जाता है। दुःख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके। और 'तीसरी कसम' की यह खास बात थी कि वह दुःख को भी सहज स्थिति में, जीवन-सापेक्ष प्रस्तुत करती है। मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है। वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन-लिप्सा से कोसों दूर थे। जो बात उनकी जिंदगी में थी, वही उनके गीतों में भी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है। | |
| I | शैलेंद्र गीतकार से अधिक कवि थे क्योंकि<br><br>(A) वे शास्त्रीय छंदों में लिखते थे।<br>(B) वे फ़िल्मी दुनिया से दूर रहते थे।<br>(C) उनकी रचनाओं में जीवन-मूल्य पिरोए रहते थे।<br>(D) वे केवल सामाजिक विषयों पर लिखते थे। | |
| II | 'तीसरी कसम' को अन्य फ़िल्मों से अलग बताने का मुख्य कारण क्या है?<br><br>(A) प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अभिनय<br>(B) दुःख को जीवन सापेक्ष प्रस्तुत करना<br>(C) दुःख को अत्यधिक प्रभावशाली दिखाना<br>(D) सामाजिक समस्याओं की अनदेखी करना | |
| III | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br><br>कथन : व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती।<br>कारण: मनुष्य अपनी पीड़ाओं से ही सीखता है।<br>विकल्प<br>(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।<br>(B) कथन गलत है लेकिन कारण सही है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (C) कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है।<br>(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| IV | शैलेंद्र के गीतों की विशेषताओं पर निम्नलिखित विचार पढ़िए और उचित विकल्प चुनिए:<br>(i) प्रेम का भाव<br>(ii) जूझने का संकेत<br>(iii) दुःख का वीभत्स रूप<br>(iv) अपनी मंजिल तक पहुँचने की प्रक्रिया<br>विकल्प:<br>(A) कथन (i) और (iii) सही हैं।<br>(B) कथन (ii) और (iii) सही हैं।<br>(C) कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं।<br>(D) कथन (ii) और (iv) सही हैं। | |
| V | शैलेंद्र के गीतों में व्यथा का स्वर किस रूप में प्रकट होता है?<br>(A) निराशा और पलायन के रूप में<br>(B) आत्मदया और पराजय के रूप में<br>(C) केवल व्यक्तिगत दुःख के चित्रण के रूप में<br>(D) करुणा के साथ संघर्ष और आगे बढ़ने की प्रेरणा के रूप में | |
| 10 | निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन प्रश्नों** के उत्तर **25-30 शब्दों** में लिखिए। | (3×2= 6) |
| I | पाठ में बड़े भाई साहब हमेशा अनुशासन और जिम्मेदारी के उदाहरण पेश करते हैं। यदि आप उनके किसी एक गुण को अपने जीवन में अपनाएँ, तो वह कौन-सा होगा और क्यों? | 2 |
| II | 'डायरी का पन्ना' पाठ में बंगाल की जनता के साहस और संघर्ष का अप्रतिम उदाहरण मिलता है। कैसे? | 2 |
| III | "वे सोने में ताँबा नहीं बल्कि ताँबे में सोना मिलाकर उसकी कीमत बढ़ाते थे।" 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| IV | 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के अनुसार वर्तमान में लोग दूसरों के दुख में दुखी नहीं होते। आपके विचार में इस भावनात्मक बदलाव के क्या कारण हो सकते हैं? | 2 |
| 11 | निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग **50-60 शब्दों** में लिखिए। | (2×3 = 6) |

| | | |
|---|---|---|
| I | टोपी और हरिहर काका दोनों अपने परिवार द्वारा उपेक्षित थे। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि परिवार की उपेक्षा ने उनके मानसिक जीवन और भावनात्मक सुरक्षा को किस प्रकार प्रभावित किया? | 3 |
| II | 'सपनों के-से दिन' पाठ में पीटी सर ने विद्यार्थियों में अनुशासन के लिए जिन तरीकों को अपनाया, उससे आप कितना सहमत हैं? क्या उन युक्तियों को वर्तमान में स्वीकार किया जा सकता है? अपने विचार के पक्ष में तर्क दीजिए। | 3 |
| III | कहानी के अंत तक हरिहर काका की स्थिति दयनीय हो जाती है। हरिहर काका की इस स्थिति के लिए आप किसे जिम्मेदार मानते हैं और क्यों? | 3 |
| | खंड घ<br>(रचनात्मक लेखन) | **22** |
| 12 | निम्नलिखित तीन विषयों में से **किसी एक** विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **120 शब्दों** में अनुच्छेद लिखिए: | (1×5= 5) |
| | (i) सबसे अच्छा देश हमारा!<br>• भारत की विविधता एवं एकता<br>• गौरवशाली संस्कृति और समृद्ध इतिहास<br>• वर्तमान की उपलब्धियाँ एवं भविष्य की आशाएँ<br><br>(ii) तकनीक पर निर्भरता: सुविधा से मजबूरी तक<br>• दैनिक जीवन में तकनीक की भूमिका<br>• अत्यधिक निर्भरता के दुष्परिणाम<br>• विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता<br><br>(iii) जल संकट: भविष्य की चेतावनी<br>• घटते जल स्रोत<br>• मानव लापरवाही के कारण जल का अपव्यय<br>• जल संरक्षण में हमारी भूमिका | |
| 13 | निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **100 शब्दों** में एक औपचारिक पत्र लिखिए। | (1×5 =5) |
| I | आप भुवन /भावना हैं। आपके पास के बाज़ार में प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक की थैलियों का खुलेआम उपयोग हो रहा है। इसकी सूचना देते हुए व समस्या के समाधान का निवेदन करते हुए नगर निगम अध्यक्ष को पत्र लिखिए। | |

*शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।*

| | | |
|---|---|---|
| II | आपके विद्यालय के पास एक बस्ती है। आप वहाँ के विद्यार्थियों का नामांकन अपने विद्यालय में करवाना चाहते हैं। इस संदर्भ में अपने विद्यालय- क ख ग के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। | |
| 14 | निम्नलिखित में से **किसी एक विषय** पर लगभग **60 शब्दों** में सूचना लिखिए: | (1×4 =4) |
| I | आपकी सोसाइटी 'आरोग्य नगर' में तीन दिनों का योग एवं ध्यान शिविर प्रारंभ किया जा रहा हैं। सोसाइटी के सचिव के रूप में सूचना तैयार कीजिए। | |
| II | आप विद्यालय की सुरक्षा समिति के सचिव हैं। विद्यालय में आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। इस संदर्भ में विद्यार्थियों हेतु सूचना लिखिए। | |
| 15 | निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **40 शब्दों** में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए: | (1×3= 3) |
| I | सामाजिक सेवा करने वाली 'रोशनी' संस्था के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| II | प्रदूषण कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का प्रचार करते हुए जन-संपर्क विभाग की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| 16<br><br>I<br><br><br><br>II | प्रश्न के अनुसार उत्तर लिखिए:<br><br>जिनके बच्चों की उपस्थिति विद्यालय में 70 फीसदी से कम है, उन अभिभावकों को आगाह करने हेतु लगभग **80 शब्दों** में एक ई-मेल तैयार कीजिए।<br>**अथवा**<br>घनघोर बारिश हो रही थी और अचानक मैंने देखा कि ...... इस पंक्ति से शुरुआत करते हुए लगभग **100 शब्दों में** लघुकथा लिखिए। | (1×5 =5) |